संoसंo–16 / एम.1–66 / 2025 – 445 (आ.चि.)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र राम,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार(ले० एवं हक०),
बिहार, पटना।
प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त(वै0दा0नि0को0), विभाग, बिहार, पटना–800015

पटना, दिनांक– 19.3.2026

विषयः– औरंगाबाद जिला में कार्यरत नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 05/2020 के अंतर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–302(आ.चि.), दिनांक–14.03.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण/जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0– 747(आ.चि.), दिनांक–19.07.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल/सदर अस्पताल/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/जिला संयुक्त औषधालयों/राजकीय औषधालयों/आयुष कॉलेज अस्पतालों में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

18/03/26

D \MANISHA\Viniyaman\Aurangabad\letter docx

अतः निम्नांकित नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) के द्वारा पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि (कॉलम–4) को निम्नरूपेण विनियमित किया जाता है:–

क्र० सं०	**पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम**	**वर्तमान पदस्थापन स्थल**	**अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।**	**अवकाश उपभोग की सूचना**	**यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या**	**यदि वेतन पुर्जा निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/ GPF संख्या**	**सेवा विनियमन के प्रकार**
1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० विनेश कुमार, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद)	सदर अस्पताल, औरंगाबाद	दिनाक– 19.03.2024 से 19 07.2024 तक 129 दिन	शून्य	11122425058144	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा मे
2	डा० प्रदीप कुमार गुप्ता, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद)	सदर अस्पताल, औरंगाबाद	दिनांक– 16.03.2024 से 19.07.2024 तक 126 दिन	शून्य	19122425058646	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा मे

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आंतरिक वित्तिय सलाहकार एवं सक्षम प्राधिकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–66/2025 –445 (आ० चि०) **पटना, दिनांक**–19.3.2026

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, औरंगाबाद/संबंधित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, औरंगाबाद/संबंधित सभी आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/03/2026

सरकार के अवर सचिव

D \MANISHA\Viniyaman\Aurangabad\letter docx